हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 26.1 डिग्री
न्यूनतम 3.3 डिग्री

14 कालपी के पास काटी जा रही प्राइवेट कॉलोनी के विरोध में उतरे किसान



14 श्रीकृष्ण की शरण में जाने से मिट जाती हैं सारी चिंताएं



## खबर संक्षेप

### निर्माण के चलते कुछ दिन बंद रहेगा एनएच-73

**अंबाला।** लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता जसविंद्र मलिक ने बताया कि 23 जनवरी दिन शुक्रवार से एनएच-73 (नया 344) के बचे हुए हिस्से (किलोमीटर 4.308 से 7.186(साहा बाईपास) तक सडक़ के चौडीकरण और सुदृढीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके तहत अस्थायी तौर पर कुछ दिनों के लिए यह मार्ग बंद किया जाएगा। मलिक ने बताया कि अंबाला के साहा चौक को पंचकूला, यमुनानगर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-344 से जोडती है।

### नशीला पदार्थ रखने वाले को 10 साल की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी बलजिन्द्र सिंह वासी डेरा रामनगर शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र को 10 साल कारावास व 1 लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि दिनांक 13 अगस्त 2016 को उप निरीक्षक फूल सिंह व मुख्य सिपाही सुरेन्द्र की टीम बराडा चौंक शाहबाद के पास मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना मिली की बलजिन्द्र सिंह साहा रोड शाहाबाद के पास चलते-फिरते नशेड़ियों को चूरापोस्त बेचने का काम करता है।

### हत्या के 3 आरोपियों को आजीवन कारावास

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की सैशन न्यायाधीश की अदालत ने हत्या करने के आरोपी नीरज वासी महुआखेडी, शुभम वासी गुढा व कृष्ण कुमार उर्फ विक्की वासी उपलाना जिला अम्बाला को आजीवन कठोर कारावास व जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 23 अप्रैल 2022 को जसबीर सिंह वासी महुआ खेडी जिला कुरुक्षेत्र ने थाना बाबैन पुलिस को दिये अपने ब्यान में बताया कि 21 अप्रैल 2022 की शाम करीब 8 बजे उसके भतीजे रमेश के लडके गुरविन्द्र उर्फ सागर का नीरज के साथ किसी बात को लेकर झगडा हो गया था।

### दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल कारावास की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट बलात्कार व पोक्सो एक्ट केस) की अदालत ने नाबालिग को घर से भगाने व दुष्कर्म करने के आरोपी कर्मबीर सिंह उर्फ कर्ण वासी जिला यमुनानगर को 20 साल कठोर कारावास व 1 लाख 20 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 24 नवम्बर 2022 को शिकायत में सतपाल ने बताया कि उसकी नाबालिग लडकी बिना बताये घर से कहीं चली गई है।

## खिलाड़ियों को उपलब्ध करवाया जा रहा उच्च स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर: सैनी

# मुख्यमंत्री ने कुवि में 5.50 करोड़ के हॉकी मैदान का किया लोकार्पण



**कुरुक्षेत्र।** सिंथेटिक हॉकी खेल मैदान का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व साथ में मौजूद खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम।



**कुरुक्षेत्र।** स्ट्रोक लगाते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और खेल मंत्री गौरव गौतम ने सिंथेटिक ट्रैक पर हॉकी से लगाए स्ट्रोक*

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने कहा कि ओलंपिक में पदक जीतने के लिए प्रदेश के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर हरियाणा सरकार की तरफ से उपलब्ध करवाया जा रहा है। प्रदेश में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सरकार की तरफ से खेल नर्सरियों के साथ-साथ अन्य खेल केन्द्र भी बनाए गए हैं। सरकार ने खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई हैं जिसके चलते खिलाड़ी देश के लिए सबसे ज्यादा मेडल जीतकर ला रहे हैं। मुख्यमंत्री वीरवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खेल प्रांगण में विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के तहत करीब 5 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित सिंथेटिक हॉकी मैदान का लोकार्पण किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया योजना के तहत 8 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले आल वेदर स्विमिंग पूल के प्रोजेक्ट का शिलान्यास भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने स्वयं हॉकी स्टिक थामी और नए सिंथेटिक ट्रैक पर जोरदार स्ट्रोक लगाकर मैदान का परीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंथेटिक हॉकी खेल मैदान से अब उभरते हुए हॉकी खिलाड़ियों को अपने कौशल को निखारने के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं प्राप्त होंगी।

### कार्यक्रम की खास बातें

- बेहतर सुविधाओं के कारण हरियाणा के खिलाड़ी देश के लिए सर्वाधिक पदक जीत रहे हैं
- 8 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले ऑल वेदर स्विमिंग पूल का शिलान्यास
- खेलों को बढ़ावा देने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर सरकार का जोर
- कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने 10 करोड़ रुपये के बजट की जानकारी दी

### खेलो इंडिया से हरियाणा बनेगा खेल हब

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा देने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना से राज्य के खिलाड़ी ओलंपिक और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर और भी अधिक पदक जीतकर देश का नाम रोशन करेंगे। यह आयोजन न केवल बुनियादी ढांचे के विकास का प्रतीक रहा, बल्कि हरियाणा को देश का खेल हब बनाए रखने के संकल्प को भी दोहराया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते हुए भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत बनाए गए सिंथेटिक हॉकी एस्ट्रोटर्फ की जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार के खेल मंत्रालय की तरफ से 10 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध करवाया गया था। इस बजट से 5.50 करोड़ रुपये हॉकी खेल मैदान पर खर्च किए गए हैं और 4.50 करोड़ रुपये की लागत से मल्टीपर्पज इंडोर खेल हॉल का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतिश अग्रवाल, कुवि कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल, खेल निदेशक प्रो. डीएस राणा सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म से गर्भवती किशोरी ने नागरिक अस्पताल में दिया बच्चे को जन्म

*पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को पानीपत पुलिस को किया ट्रांसफर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

युवक द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने से गर्भवती हुई 15 वर्षीय किशोरी ने जगाधरी के सिविल अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया। बताया जा रहा है कि किशोरी अपने परिवार के साथ पानीपत में रहती थी। जहां पर उनके पड़ोस में रहने वाले युवक गोलू कुमार ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। जिससे वह गर्भवती हो गई।

### परिजनों के साथ गांव आई थी किशोरी

किशोरी 15 जनवरी को अपने माता-पिता के साथ सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव में आई हुई थी। जहां पर उसके पेट में दर्द हुआ। परिजन उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसने बच्चे को जन्म दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को पानीपत पुलिस को ट्रांसफर कर दिया। जानकारी के अनुसार पानीपत निवासी किशोरी ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव में आई हुई थी। इस दौरान बुधवार को किशोरी के पेट में दर्द हुआ। परिवार के सदस्य उसे जगाधरी सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। अल्ट्रासाउंड करने पर पता चला कि किशोरी गर्भवती है। इस दौरान उसके पास बच्चा पैदा हुआ। परिवार के सदस्यों ने जब किशोरी से इस बारे पूछा तो उसने बताया कि पानीपत में ही उनके मकान के पास रहने वाला गोलू कुमार काफी समय से उसके साथ संबंध बना रहा है। आरोपी ने उसे शादी का झांसा दिया था। जिसके बाद आरोपी उससे संबंध बनाता रहा। जब वह गर्भवती हो गई तो आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता था। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के थाना किला क्षेत्र की एक कालोनी में निवास कर रही किशोरी के साथ युवक ने दुष्कर्म किया। उत्तर प्रदेश के एटा जिले के रहने वाले और वर्तमान में पानीपत की एक कॉलोनी में किराए पर रहने वाले पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि 21 जनवरी को वह अपनी पत्नी और बेटों के साथ दवा लेने अस्पताल गए थे। घर में उनकी 16 साल की बेटी अकेली थी। दोपहर करीब 12 बजे जब वे घर वापस आए, तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा खटखटाने पर दलबीर नगर का रहने वाला सुमित दरवाजा खोलकर मौके से भाग निकला। वहीं पीड़िता ने अपने माता-पिता को आपबीती सुनाते हुए बताया कि आरोपी सुमित उसे फोन की सिम देने के बहाने घर आया था। घर में उसे अकेला पाकर आरोपी ने जबरन उसके साथ गलत काम किया। डरी-सहमी नाबालिग ने बताया कि आरोपी ने उसकी मर्जी के खिलाफ इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया।

आरोपी युवती से शादी करने का बना रहा दबाव

# जिम ट्रेनर ने डरा धमका कर युवती के साथ किया दुष्कर्म

*पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिम ट्रेनर ने डरा धमका कर युवती के साथ दुष्कर्म किया। बताया जा रहा है कि आरोपी जिम ट्रेनर युवती से शादी का दबाव बना रहा है। मना करने पर उसे व उसके परिवार को मरवाने की धमकी दे रहा है। इतना ही नहीं परिवार ने जहां युवती का रिश्ता तय किया आरोपी जिम ट्रेनर वहां फोन कर रिश्ता तुड़वाने का भी प्रयास कर रहा है।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2019 में उसने शहर की अमर मार्केट स्थित जिम ज्वाइन किया था। जहां पर ससौली निवासी संजीव संसरवाल जिम ट्रेनर था। वहां उसकी आरोपी से बातचीत होने लगी।

एक दिन आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए आई तो आरोपी उसे शहर के कन्हैया साहिब चौक के पास अपने कमरे में लेकर गया। जहां आरोपी ने डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

इसके बाद आरोपी उसे धमकी देने लगा कि यदि उसके पास नहीं आई तो वह उसके परिवार को मरवा देगा। आरोपी कभी उसके पिता के गोदाम में आग लगाने की धमकी देता तो कभी कुछ अन्य नुकसान करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा।

# बैंक स्क्वेयर में दूसरे चरण के निर्माण को मिली रफ्तार, टेंडर अलॉट करने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** बैंक स्कवेयर का बाहरी दृश्य।

अंबाला छावनी में निर्माणाधीन बैंक स्क्वेयर भवन में द्वितीय चरण के निर्माण के कार्य के लिए टेंडर अलॉट करने की प्रक्रिया हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोशन द्वारा शुरू कर दी गई है। इसके अलावा नगर परिषद अंबाला सदर द्वारा बन चुके 55 शोरूम में बैंकों को शिफ्ट करने के लिए ऑक्शन प्रक्रिया को भी शुरू कर दिया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले राज्य सरकार द्वारा बैंक स्क्वेयर के द्वितीय चरण निर्माण हेतु 64.47 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। वहीं बैंक स्क्वेयर में पहले चरण का निर्माण कार्य अब अंतिम चरणों में है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अंबाला छावनी के बैंकों को एक ही छत के नीचे लाने के लिए प्रारंभ की गई बैंक स्क्वेयर परियोजना एक मील का पत्थर साबित होगी। यहां लगभग 32 बैंकों को एक ही छत के नीचे शिफ्ट करने की योजना है। पहले चरण में बने 55 शोरूम में बैंकों को शिफ्ट करने के लिए नगर परिषद द्वारा ऑक्शन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है जिसके तहत जल्द यहां बैंकों को शिफ्ट किया जा सके।विज ने बताया कि बैंक स्क्वेयर में द्वितीय चरण के तहत पिछली तरफ बनने वाली चार मंजिला बिल्डिंग में 45 शोरूम बनाए जाएंगे। इसके अलावा यहां पर कार्यक्रम व कांफ्रेंस आदि आयोजित करने के लिए 450 लोगों की क्षमता का ऑडिटोरियम बनेगा। इसके अतिरिक्त रूफ टॉप पर फूट कोर्ट बनाएं जाएंगे जहां लोग खाने-पीने का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य के लिए टेंडर अलॉट करने की प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया गया है।

### आईआरडीएआई का एजेंट बनकर व्यक्ति से ठगे 10 लाख 57 हजार

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण का फर्जी एजेंट बनकर पुराना हमीदा निवासी सुरेश कुमार से 10 लाख 57 हजार रुपये ठग लिए। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुराना हमीदा निवासी सुरेश कुमार साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 अगस्त 2025 को उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया। जिसने खुद को आईआरडीएआई का एजेंट बताया। आरोपी ने बीमा पॉलिसी पर अधिक ब्याज और बेहतर मुनाफा दिलाने का लालच दिया। उसकी बातों में आकर उसने आरोपियों के बताए गए अकाउंट में 13 अगस्त 2025 से 30 दिसंबर 2025 के बीच 10 लाख 57 हजार रुपये खाते से ट्रांसफर कर दिए।

# बिजली कर्मचारियों ने विभाग व पुलिस के खिलाफ खोला मोर्चा

*एफआईआर कैंसिल न होने पर दी पेन-डाउन आंदोलन की चेतावनी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**बराड़ा।** प्रदर्शन करते हुए बिजली कर्मचारी।

अंबाला कैंट यूनिट के आह्वान पर वीरवार को सब डिविजन में बिजली कर्मचारियों ने दो घंटे तक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन बब्याल में पुलिस द्वारा बिजली कर्मचारियों पर दर्ज की गई कथित गलत एफआईआर तथा सब यूनिट में अधिकारियों के तानाशाही रवैये और कर्मचारियों के प्रति अभद्र व्यवहार के विरोध में किया गया।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से अंबाला सर्कल सचिव एवं कैंट यूनिट प्रधान सतबीर देशवाल उपस्थित रहे। उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एकजुट रहने का आह्वान किया और कहा कि यदि कर्मचारियों के मान-सम्मान से खिलवाड़ किया गया तो यूनियन बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से लगातार बातचीत जारी है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चूंकि सोमवार तक सरकारी अवकाश है इसलिए यूनियन द्वारा आगामी आंदोलन के स्वरूप को लेकर मंगलवार को नोटिस जारी किया जाएगा।

साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि इस दौरान किसी भी कर्मचारी के खिलाफ जबरन कार्रवाई की गई तो बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल प्रभाव से पेन-डाउन आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

# बुजुर्ग से 1.11 करोड़ की नगदी ठगी, केस दर्ज

*ठगों ने वृद्ध को मोटी रकम कमाने का झांसा दिया था, केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी सत्तर वर्षीय वीरेंद्र बत्रा के साथ साइबर अपराधियों ने करीब 1.11 करोड रूपये की ठगी कर ली। ठगों ने वीरेंद्र को मोटी रकम के मुनाफे का लालच देकर एक फर्जी इन्वेस्टमेंट ऐप इंस्टॉल करवाया और धीरे-धीरे उनकी उम्रभर की जमा-पूंजी हड़प ली।

वीरेंद्र ने साइबर थाना पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उनकी मुलाकात फेसबुक के जरिए विधा पांडेय नाम की महिला (प्रोफाइल) से हुई थी। धीरे-धीरे बातचीत फेसबुक से वॉट्सऐप तक पहुंच गई। आरोपी विद्या और उसके अन्य साथियों ने वीरेंद्र बत्रा को निवेश पर मोटी रकम का मुनाफा कमाने का झांसा दिया। उन्होंने बुजुर्ग को 'मानो मानो' प्लेटफॉर्म ऐप इंस्टॉल करवाया।

शुरुआत में विश्वास जीतने के बाद, आरोपियों ने अलग-अलग किस्तों में बुजुर्ग से कुल 1 करोड़ 10 लाख 88 हजार 194 रुपए ट्रांसफर करवा लिए। यह ठगी 14 नवंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 के बीच अंजाम दी गई। वहीं, वीरेंद्र को अहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है, तो उन्होंने साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाना पुलिस पानीपत ने आरोपी विधा पांडेय व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जीरे के बंद पैकेट में मिले पक्षी के पंख व अन्य अपशिष्ट पदार्थ

# मिड डे मिल के तहत बच्चों को दे रहे घटिया सामग्री

*अभिभावक सेवा मंच के सदस्यों ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर व सरकारी स्कूल नाचरौन का किया था निरीक्षण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर के सरकारी स्कूल नाचरौन में जीरे के बंद पैकेट में मिले पक्षी के पंख।

सरकारी स्कूलों में मिड डे मिल की घटिया खाद्य सामग्री बच्चों को परोसने के मामले कम नहीं हो रहे है। ताजा मामला गांव छोटाबांस सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर और सरकारी स्कूल नाचरौन में देखने को मिला । जहां बच्चों को घटिया क्वालिटी का मिड डे मिल परोसा गया। जांच में सामने आया कि गांव नाचरौन के सरकारी स्कूल में बन रहे मिड डे मिल में जीरे के बंद पैकेट में पक्षी के पंख व अन्य अवशिष्ट पदार्थ मिले। जिससे अभिभावको में सरकार व प्रशासन के विरूद्ध भारी रोष है। अभिभावक सेवा मंच के सदस्य अमित कांबोज, गुरदयाल सैनी व मंगतराम बठला ने भी प्राईमरी सरकारी स्कूल के मिड डे मिल का निरीक्षण किया। उन्होंने ने भी मिड डे मिल में खादय सामग्री को निम्न स्तर की पाया। उन्होंने सरकार व प्रशासन से दोषी अधिकारियों व ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की। सरकारी स्कूल नाचरौन के प्रिंसिपल प्रवीण रोहिला ने बताया कि उनके स्कूल में जीरे के बंद पैकेट से पंछी के पंख निकले है। बच्चों के स्वास्थ्य के लिए ऐसे खादय पदार्थ सही नहीं है। उन्होंने प्रशासन से खादय सामग्री बदलवाने की मांग की है। इस बारे प्राईमरी स्कूल के प्रिंसिपल रविंद्र कांबोज ने बताया कि प्रशासन को मिड डे मिल में दी जाने वाली सामग्री बच्चों के लिए पर्याप्त नहीं है। जितनी खादय सामग्री की आवश्कता है, उससे कम प्रशासन द्वारा भेजी जा रही है। स्कूलों में खादय सामग्री पूरी भेजी जाये। इस बारे विभाग के बीइओ रमेश कुमार ने बताया कि उनके पास कुछ स्कूलों से मिड डे मिल में खादय सामग्री की शिकायत आई थी। जिसके बाद वह कमेटी बनाकर खादय सामग्री की जांच करवायेंगे। यदि खादय सामग्री में कोई खामी पाई गई तो वे दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करेंगे। बच्चों के स्वास्थ्य के साथ कोई खिलवाड नहीं किया जायेगा।

# नेवी ऑफिसर की पत्नी ने फंदा लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पिहोवा सदर थाना पुलिस के अंतर्गत एक गांव में नेवी आफिसर की पत्नी ने घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। विवाहिता की करीब 10 महीने ही शादी हुई थी। विवाहिता के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर पति सहित ससुराल पक्ष के चार लोगों पर केस दर्ज किया है। कैथल के गांव भागल निवासी मोहित वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन सिमरन की शादी 21 मार्च 2025 को पिहोवा के गांव सारसा के नितिन वर्मा के साथ हुई थी। नितिन वर्मा नेवी में तैनात है। शादी के कुछ समय बाद ही उसकी बहन की सास, जेठ, जेठानी और पति नितिन कम दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे।

### दहेज प्रताड़ना से मौत होने का आरोप

सिमरन जब भी मायके में आती थी तो ससुराल पक्ष के तंग करने की शिकायत करती थी। नितिन उसकी बहन को बार-बार तलाक देने की धमकी देता था। बार-बार उसे कहता था कि छुट्टी आने पर उसे घर में नहीं देखना चाहता है। इससे उसकी बहन सिमरन मानसिक रूप से परेशान थी। बुधवार को उन्हें सूचना मिली कि उसकी बहन ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। आरोप लगाया कि आरोपियों ने हत्या के बाद उसकी बहन को फंदे पर लटकाया, ताकि यह आत्महत्या लगे पुलिस के मुताबिक सिमरन ने घर के चौबारे पर जाकर फंदा लगाया। सिमरन के नाना सीताराम ने बताया कि ससुराल के लोगों ने उनको सिमरन के सुसाइड करने की सूचना दी। वे मौके पर पहुंचे, तो उसका शव बेड पर पडा था। उसके गले पर रस्सी के निशान थे। आरोप लगाया कि दहेज नहीं मिलने के कारण सिमरन की हत्या कर दी।

## खबर संक्षेप



### सूर्य नमस्कार को दैनिक दिनचर्या में अपनाएं

**करनाल।** करनाल मानव सेवा संघ स्थित योगशाला में योगाचार्य नवीन संदूजा के नेतृत्व में 'हमारा मिशन स्वस्थ भारत' योगा टीम द्वारा सूर्य नमस्कार कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। कार्यक्रम आयुष विभाग करनाल के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग करनाल के नोडल अधिकारी डॉ अमित पुंज के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। हरियाणा योग आयोग द्वारा सभी जिलों को एक लाख रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य दिया गया था। आयुष विभाग करनाल तथा अन्य संस्थाओं के सहयोग से योग सहायकों ने यह लक्ष्य पूर्ण कर लिया है।

### वकीलों ने जोगिंद्र वाल्मीकि का किया अभिनंदन

**करनाल।** जिला करनाल कांग्रेस कमेटी शहरी के नवनियुक्त उपप्रधान जोगिंद्र वाल्मीकि का वकीलों की ओर से अभिनंदन किया गया। वकीलों के चैंबर में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर मुंह मीठा करवाया गया और शुभकामनाएं दी गईं। जोगिंद्र वाल्मीकि ने कहा कि कांग्रेस संगठन के गठन से कार्यकर्ताओं में नया जोश आया है। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी कुरुक्षेत्र में जिला प्रधानों के ट्रेनिंग कैंप में पहुंचे थे।

### पुरानी पेंशन और नियमितीकरण की मांग दोहराई

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मचारियों की भूख हड़ताल

■ राजीव गांधी विद्युत सदन में धरना देकर कर्मचारियों ने नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य समिति के निर्देशानुसार करनाल इकाइयों ने राजीव गांधी विद्युत सदन में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में भूख हड़ताल रखी। कर्मचारी सुबह से शाम चार बजे तक धरने पर बैठे रहे और सरकार की नीति के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

धरने की अध्यक्षता अजीत सैनी, प्रधान सिटी यूनिट करनाल, राजीव राठी, प्रधान उप शहरी इकाई एक और संजील कुमार, प्रधान उप शहरी इकाई दो ने की। संचालन मलकीत सिंह, केंद्र परिषद सदस्य ने किया। राज्य सचिव सतीश मान, सीसी सदस्य रमेश कुमार और विकास कुमार ने कर्मचारियों को संबोधित किया।

धरने को सेवानिवृत्त कर्मचारी यूनियन से कृपाल सिंह और बलराज ने समर्थन दिया। सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव सेवा राम भी समर्थन में पहुंचे। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए और पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। नेताओं ने कहा कि मांगें न मानी गईं तो आंदोलन जारी रहेगा।



धरने में सर्कल सचिव विशाल बनवाल, जगमल, जोगेंद्र, नवीन, रवींद्र, शुभम, रॉबिन, दीपक, राजकुमार, गुरदेव, सुरेंद्र कम्बोज, सतीश, सुनील, जयकुमार, साहिराम, साहिल सैनी, कुलदीप, शांति कंबोज, विशाल, महेश मेहता, ऋषिपाल, राजेश, अमित, धीरज रावत, अजय, सुशील, विनोद, संजीव मलिक और मुकेश

*विभागों में गेट मीटिंग कर हड़ताल की तैयारी तेज की*

### कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए बारह फरवरी की हड़ताल जरूरी : सेवा राम

■ सर्व कर्मचारी संघ ने बारह फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियां तेज

**करनाल।** सर्व कर्मचारी संघ ने बारह फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला सचिव सेवा राम बड़सर ने कहा कि कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए हड़ताल जरूरी है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में कच्चे कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर वर्षों से संघर्ष चल रहा है। सर्व कर्मचारी संघ के आंदोलनों के दबाव में दो हजार ग्यारह में दस वर्ष की सेवा पर पक्का करने की नीति बनी और पुरानी नीतियां खोली गईं। इसके बाद अट्ठाईस मई दो हजार चौदह की नियमितीकरण नीति बनी, लेकिन सरकार ने इसे गंभीरता से लागू नहीं किया। सेवा राम बड़सर ने कहा कि तेईस और इकतीस दिसंबर दो हजार पच्चीस के उच्च न्यायालय के फैसलों में दस वर्ष की अनियमित सेवा वाले कर्मचारियों को पक्का करने के आदेश हैं, लेकिन सरकार एचकेआरएनएल को निजी कंपनी बताकर इन्हें बाहर करने की कोशिश कर रही है। हड़ताल की तैयारी के तहत टूरिज्म, एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, बागवानी, फूड सप्लाई और इरिगेशन विभागों में गेट मीटिंग कर कर्मचारियों को हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया गया। इस दौरान राजपाल मोला, जिला कैशियर, बीनदर, जिला उप प्रधान, संजीव राणा, ब्लॉक प्रधान और अमित, संगठन सचिव मौजूद रहे।

### नगरपालिका कर्मचारी संघ ने बारह फरवरी की हड़ताल में शामिल होने का एलान किया



एएमसी को नोटिस सौंपा, न्यूनतम वेतन और नियमितीकरण की मांग प्रमुख

**करनाल।** नगरपालिका कर्मचारी संघ की करनाल इकाई ने बारह फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का एलान किया है। गुरुवार को नगर निगम के एएमसी को हड़ताल का नोटिस सौंपा गया। जिला प्रधान सुभाष प्रोचा ने कहा कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, न्यूनतम वेतन लागू करने और सरकार व संघ के बीच हुए समझौतों को लागू कराने के लिए हड़ताल का निर्णय लिया गया है। इकाई प्रधान राज कुमार ने कहा कि कर्मचारी, जनता और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ यह हड़ताल होगी। मुद्दों में बिजली बिल दो हजार पच्चीस की वापसी, नए लेबर कोड निरस्त करना, एमएसपी की कानूनी गारंटी और खाली सरकारी पद भरना शामिल है। इस अवसर पर करनाल इकाई प्रधान राजकुमार, सचिव राजेंद्र कुमार, जिला उपप्रधान रवि प्रोचा, इकाई सह सचिव नरेश अठवाल और मुकेश मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर यूनियन ने सौंपा हड़ताल का नोटिस



■ स्थायी रोजगार, न्यूनतम वेतन, प्रमोशन और खाली पद भरने की मांग

**करनाल।** आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन ने बारह फरवरी की हड़ताल का नोटिस गुरुवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी को सौंपा। फव्वारा पार्क में सभा के दौरान अधिकारी ज्ञापन लेने पहुंची। यूनियन ने स्थाई रोजगार, न्यूनतम वेतन छब्बीस हजार रुपये, चारों लेबर कोड रद्द करने, प्रमोशन, खाली पद भरने सहित मांगों को लेकर हड़ताल का निर्णय लिया है। सभा की अध्यक्षता जिला प्रधान रूपा राणा ने की और संचालन सचिव बिजनेश राणा ने किया। रूपा राणा, बिजनेश राणा, सतपाल सैनी, रेखा और सर्वेश राणा ने कहा कि सरकार आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स के साथ धोखेबाजी कर रही है। उन्होंने कहा कि स्कीम वर्कर्स आशा और मिड डे मील के साथ भी अन्याय हो रहा है। वक्ताओं ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने ग्रेच्युटी देने का आदेश दिया है, लेकिन अब तक लागू नहीं हुआ। डिजिटलीकरण, बजट कटौती और भुगतान में देरी से योजनाएं प्रभावित हो रही हैं।सभा में ओपी माटा, जगपाल राणा, रूपा राणा, बिजनेश राणा, पिंकी, रीना, मंजू, ममता, बबीता, कांता, सर्वेश राणा, सरोज, नीलम, सुदेश सग्गा, सुखविंद्र, गीता, रीटा, रेखा, राकेश राणा, नरेश और संतोष ने संबोधित किया।

### डीएवी महिला कॉलेज में बसंत पंचमी पर हुआ पतंग निर्माण व पतंग उड़ान कार्यक्रम



■ छात्राओं ने व्यंजन स्टॉल लगाकर दिखाया रचनात्मकता व प्रबंधन कौशल

**करनाल।** डॉ. गणेश दास डीएवी महिला शिक्षण महाविद्यालय, करनाल में बसंत पंचमी का पर्व अत्यंत उत्साह एवं सांस्कृतिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से किया गया, जिसके बाद पूरे महाविद्यालय परिसर में उल्लासपूर्ण माहौल बन गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पतंग निर्माण गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने रंग-बिरंगी पतंगें तैयार कीं और खुले परिसर में पतंग उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन से महाविद्यालय परिसर में उमंग और आनंद का वातावरण देखने को मिला। बसंत पंचमी कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा विभिन्न व्यंजनों की स्टॉलें भी लगाई गईं। इन स्टॉलों पर पारंपरिक एवं आधुनिक व्यंजनों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। स्टॉलों पर छात्राओं की रचनात्मकता के साथ-साथ स्वच्छता एवं प्रबंधन कौशल भी स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने इन स्टॉलों का आनंद लिया और छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।

*विद्यार्थियों ने बनाई रंग-बिरंगी पतंगें*

## एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी पर्व मनाया

■ विद्यालय में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. विभा कौशिक एवं विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा विद्यालय परिवार की उन्नति, शांति एवं सद्बुद्धि की मंगल कामना की गई। बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में विद्यालय में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों जैसे ड्रॉइंग, पतंग बनाओ, रंग भरो , कविता पाठ ,निबंध लेखन आदि का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में सुरक्षित रूप से पतंग उड़ाने की गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अनुशासन के साथ सहभागिता निभाई। बच्चों द्वारा बनाई गई रंग-बिरंगी एवं आकर्षक पतंगों से पूरा विद्यालय परिसर अत्यंत मनोहारी एवं शोभायमान हो गया।



तरावड़ी। कार्यक्रम में भाग लेते हुए एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चे।

#### पीले परिधान में आए बच्चे

विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, कला और संस्कृति का पर्व है, जो हमें सकारात्मक सोच, रचनात्मकता एवं निरंतर सीखते रहने की प्रेरणा देता है। बसंत पंचमी के अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे पीले परिधान में विद्यालय में आए ,जो कि आकर्षक का केन्द्र रहे । प्रधानाचार्या डॉ. विभा कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि बसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, विवेक और सृजनशीलता का प्रतीक है। माँ सरस्वती की आराधना से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। ऐसे सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ जीवन मूल्यों से भी जोड़ते हैं। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और नैतिक रूप से भी सशक्त बनाना है।

*प्रशिक्षण शिविर से लौटने पर बोले डॉ. राजेश*

## जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर से कांग्रेस में होगा ऐतिहासिक बदलाव

**तरावड़ी।** हरियाणा में कांग्रेस पार्टी का भविष्य बहुत उज्जवल है और हरियाणा मे कांग्रेस अपने हर कार्यकर्ता तक पहुंचेगी। उक्त विचार जिला करनाल कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष डॉ. राजेश वैध वाल्मीकि ने प्रशिक्षण शिविर से लौटने के बाद अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए व्यक्त किए। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्षों का दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कुरुक्षेत्र में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सभी जिला अध्यक्षों के साथ मुलाकात की और उन्हें कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पहुँचे और उन्होंने करीब पाँच घंटे का समय जिला अध्यक्षों के साथ बिताया। जिला अध्यक्षों को कांग्रेस के गौरवमयी इतिहास और विश्व में क्या क्या घट रहा है, उसके बारे में जानकारी दी।



शिविर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात करते डॉ. राजेश वैध।

*मां सरस्वती वंदना पर सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी*

## गीता मॉडर्न स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा पर्व

■ माँ सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित कर विद्या, बुद्धि एवं सफलता का आशीर्वाद प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बसंत पंचमी एवं माँ सरस्वती पूजा का आयोजन विद्यालय परिसर में अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं सांस्कृतिक वातावरण के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और पूरे परिसर में भक्ति एवं उल्लास का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। विद्यार्थियों ने माँ सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित कर विद्या, बुद्धि एवं सफलता का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम को आकर्षक एवं यादगार बना दिया। इस अवसर पर कक्षा 7वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों द्वारा माँ सरस्वती वंदना पर सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी गई।



तरावड़ी। कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्कूल के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### श्रद्धा व भक्ति भाव से हवन, स्वामी मुक्तानंद महाराज ने बताया महत्व



**करनाल।** वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हवन का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर स्वामी मुक्तानंद महाराज की उपस्थिति में विधिवत हवन संपन्न हुआ। हवन का संचालन पंडित हरीश और हिमांशु द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुतियां अर्पित कीं। कार्यक्रम में दीदी नीलिमा सांगला, प्रधान कैलाश चंद गुप्ता, शुकंतला गुप्ता, गुरदयाल बंसल, रेनू बंसल, कमल गोयल, विजय कुमार सिंगला, प्रवीन मित्तल एवं प्रमोद गोयल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण, सुख-शांति और सकारात्मक ऊर्जा की कामना की। स्वामी मुक्तानंद महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि हवन से न केवल वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि मन और अंतरात्मा की भी शुद्धि होती है।

*डाइट शाहपुर में जिला स्तरीय सेमिनार आयोजित*

## प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास और जागरूकता आवश्यक : डॉ. देवेंद्र

■ प्रथम स्थान पर शिखा और द्वितीय प्रीति डांगी रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डाइट शाहपुर, करनाल में "प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना" विषय पर जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डाइट प्राचार्या श्रीमती ज्योत्सना मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ।

जिला समन्वयक डॉ. देवेंद्र शर्मा ने कहा कि यह समय प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरूक होने का है। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य तथा जैव विविधता पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहे हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं और जागरूकता ही इसका प्रभावी समाधान है। आईएफआईसी प्रभारी मुनीश कुमार ने प्रतिभागियों को प्रेरित किया तथा निर्णायक की भूमिका का भी निर्वहन किया। प्रतिभागियों ने प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों और उसके निवारण पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।



### महापौर रेनू बाला गुप्ता ने की नगर निगम अभियंताओं के साथ विकास कार्यों की समीक्षा



■ समयसीमा में काम पूरा करने और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए

**करनाल।** महापौर रेनू बाला गुप्ता ने गुरुवार को नगर निगम अभियंताओं के साथ बैठक कर शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में डी-प्लान, सांसद निधि और विधायक निधि से चल रहे कार्यों की स्थिति भी देखी गई। महापौर ने निर्देश दिए कि सभी कार्य समयसीमा में पूरे हों और गुणवत्ता पर पूरा ध्यान रखा जाए। एजेंसियों की सामग्री की जांच कर सैम्पल लेकर परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए। देरी करने वाली एजेंसियों को नोटिस जारी किया जाए और काम शुरू न करने पर ब्लैकलिस्ट कर दूसरी एजेंसी से कार्य करवाया जाए। जो कार्य सत्तर से अस्सी प्रतिशत तक पूरे हो चुके हैं, उन्हें जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीवरेज, स्टॉर्म वाटर निकासी और जलापूर्ति से जुड़े कार्यों की समीक्षा कर शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में अधीक्षण अभियंता पुनीत कुमार, कार्यकारी अभियंता ओपी करदम और प्रियंका सैनी, तकनीकी विशेषज्ञ सतीश शर्मा सहित सहायक और कनिष्ठ अभियंता मौजूद रहे।

**जागरूकता** एनडीआरआई व आईआईडब्ल्यूबीआर में किसानों-महिलाओं का भ्रमण

## किसानों को उन्नत खेती और डेयरी से आय बढ़ाने पर मिला मार्गदर्शन

कृषि एवं पशुपालन की आधुनिक तकनीकों को समझाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कृषि एवं पशुपालन की आधुनिक तकनीकों को समझने के उद्देश्य से मंडी जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए किसानों एवं ग्रामीण महिलाओं के एक दल ने राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान तथा भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान किसानों को उन्नत खेती, प्रमाणित बीज चयन, उत्पादन बढ़ाने की वैज्ञानिक पद्धतियों और पशुपालन के माध्यम से आय वृद्धि के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। किसानों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं के साथ चर्चा करते हुए डॉ. दलीप गोसाईं, पूर्व प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केंद्र एवं डेयरी प्रशिक्षण केंद्र ने पहाड़ी क्षेत्रों में कृषि उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आमदनी में सुधार की संभावनाओं पर विस्तार से मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों की जलवायु और मिट्टी के अनुरूप फसलों की उन्नत किस्में अपनाकर बेहतर उपज प्राप्त की जा सकती है। डॉ. गोसाईं ने आलू, प्याज, लहसुन, मटर, सरसों तथा गेहूं की उन्नत किस्मों के साथ खेती की व्यावहारिक तकनीकों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से खेती करने पर लागत कम होती है, उत्पादन बढ़ता है और बेहतर गुणवत्ता के कारण बाजार में किसानों को अधिक लाभ मिलता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक प्रमाणित बीजों का उपयोग करें।



#### ये रहे मौजूद

डॉ. गोसाईं ने दल के सदस्यों को आश्वस्त किया कि निकट भविष्य में सरसों एवं गेहूं के बीज परीक्षण के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि किसान नई किस्मों को अपने क्षेत्र की परिस्थितियों में आजमाकर बेहतर विकल्प चुन सकें। इस शैक्षणिक भ्रमण में दल की ओर से विजय कुमार, भावना, तारादेवी एवं गिरिजा कुमारी सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### सोना छुड़वाने के नाम पर साढ़े 11 लाख ठगे

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल ने ठगी के मामलों पर सख्त कार्रवाई करते हुए सोना छुड़वाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। सीआईए ने उप निरीक्षक कृष्ण कुमार के नेतृत्व में जिला जेल सोनीपत से प्रोडक्शन वारंट पर आरोपी दल सिंह पुत्र मामूराम, निवासी गांव शेरगढ़ टापू, जिला करनाल को गिरफ्तार किया। बलविंदर सिंह, जो एक निजी गोल्ड लोन से संबंधित कंपनी में कार्यरत है, ने बताया कि आरोपी दल सिंह और उसके साथियों ने शिकायतकर्ता से संपर्क कर कहा कि उनका कुछ सोना एक अन्य ट्रेडिंग कंपनी के पास गिरवी रखा हुआ है, जिसे छुड़वाने के लिए पैसों की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### स्वर्णों के विरूद्ध है सरकारः राणा

**पानीपत।** अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व सर्वजातीय पंचायत के अध्यक्ष सतपाल राणा ने कहा कि यूजीसी काले कानून के विरोध में 25 जनवरी को राजपूत धर्मशाला पानीपत में सर्व समाज की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें जिले के सभी सामाजिक व धार्मिक संगठन एकत्र होकर केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश सरकार के खिलाफ एक बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। राणा ने कहा कि केंद्र सरकार ने यूजीसी कानून पास करके देश व प्रदेश में रह रहे स्वर्ण समाज को धोखा दिया है।

### डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में एनएसस कैंप शुरू

**पानीपत।** पुलिस पब्लिक स्कूल, पानीपत में आयोजित एनएसएस शिविर के तृतीय दिवस पर यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित एनएसएस शिविर के तृतीय दिवस पर यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर एक ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एएसआई करमबीर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए यातायात नियमों के पालन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### विधायक ने मजदूर की अंत्येष्टि करवाई

**समालखा।** समालखा की शिव कॉलोनी में लंबी बीमारी से पीड़ित मजदूर मनोज का निधन हो गया। वहीं पीड़ित परिवार के पास इतना भी धन नहीं था कि मनोज का अंतिम संस्कार सके। इधर, पीड़ित परिवार ने कॉलोनी के कई लोगों से मदद मांगी, लेकिन उन्हें कहीं से सहायता नहीं मिली। इसके बाद, सावित्री, रीटा, संतोष, कविता और पवन कटारिया जैसे कुछ पड़ोसियों ने मनोज के बच्चों को लेकर विधायक मनमोहन भड़ाना के करहंस स्थित निवास पर संपर्क किया। विधायक के निजी सचिव सारिक को मामले की पूरी जानकारी दी। सारिक ने तुरंत अंतिम संस्कार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की, जिसके बाद व्यक्ति का अंतिम संस्कार संपन्न हो सका।

### दो सगी नाबालिग बहनों का अपहरण

**पानीपत।** पानीपत के चांदनी बाग थाना क्षेत्र में कृष्णा गार्डन इलाके में निवास कर रही दो सगी नाबालिग बहनों का पडोस में ही निवास कर रहे दो युवकों ने उनके साथ विवाह करने के उद्देश्य से अपहरण कर लिया। पिता की शिकायत पर पुलिस ने शिकायत के आधार पर नामजद आरोपी युवकों सन्नी व दीपक के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

### किसानों को सशक्त बना रही है सरकारः डॉ. वीरेंद्र

**पानीपत।** अनाज मंडी पानीपत, इसराना मंडी और मतलौडा मंडी में फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों, बेलर एवं रैक का भौतिक सत्यापन किया गया। यह सत्यापन जिला स्तरीय टीम द्वारा किया गया। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना किसानों और पर्यावरण दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आधुनिक कृषि यंत्रों के माध्यम से पराली जलाने की समस्या का स्थायी समाधान संभव है। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ सही पात्र किसानों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे। भौतिक सत्यापन इसी दिशा में एक मजबूत कदम है। डॉ. दहिया ने बताया कि सरकार का उद्देश्य किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है, ताकि खेती लाभकारी होने के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल भी बने। डीडीए आत्मा राम गोदारा ने कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत उपलब्ध कराए जा रहे यंत्र किसानों की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ पराली प्रबंधन में कारगर साबित होंगे। विभागीय टीम द्वारा किया गया यह भौतिक सत्यापन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और जवाबदेही को दर्शाता है।

---

### बच्चों के कंप्यूटर कोर्स पूर्ण होने पर प्रमाण पत्र वितरण किया

# कंप्यूटर के ज्ञान के बिना शिक्षित व्यक्ति भी अनपढ़ जैसा : भाटिया

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रमोद विज रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत में सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट के संचालक हरविंद्र सिंह लाड़ी द्वारा बिशन स्वरूप कॉलोनी स्थित गुरुदेव एजुकेशन हब में बच्चों के कंप्यूटर कोर्स पूर्ण होने पर प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रमोद विज रहे। जबकि भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया वशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरविंद्र सिंह लाड़ी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की जय एवं वन्दे मातरम से हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद विज ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या और बढ़ती बेरोजगारी वर्तमान युग की गंभीर समस्या बन गई है लेकिन इस दौर में भी जो छात्र कंप्यूटर शिक्षा में निपुणता हासिल कर लेते है उनके लिए रोजगार प्राप्त करना आसान हो जाता है इसलिए सभी छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा में निपुणता हासिल करनी चाहिए। कंप्यूटर के ज्ञान के बिना शिक्षित भी अनपढ़ जैसा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हिमांशु कटारिया, वार्ड पार्षद अनिल मदान, वीरेंद्र तनेजा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित पंडित, अंकित गर्ग,हेमंत शर्मा,गौरव लिखा, सरबजीत, दीनदयाल खूंगर भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज व नवीन भाटिया का स्वागत करते हुए हरविंद्र आदि। *फोटो: हरिभूमि*

#### कंप्यूटर शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव

कार्यक्रम संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने कहा कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर देश और समाज की प्रगति में योगदान दे सकते है और देश को बेरोजगारी से मुक्त कराकर वर्ष 2047 से पूर्व विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं को पूर्ण सहयोग देना चाहिए।

---

## गर्व के साथ हिंदी का प्रयोग करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढाण्ड, डडवाना जिला कैथल में हिंदी विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आनलाइन राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें डॉ. सुनीता ढांडा के निर्देशन में प्रज्ञा मान ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि हिंदी भाषा को अंतर्राष्ट्रीय भाषा के तौर पर पेश करने के लिए अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य भी यही है कि हिंदी एक विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत हो तथा हिंदी की दशा पर लोगों का ध्यान केंद्रित हो। आज हिन्दी विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। कला, वाणिज्य, सिनेमा कोई भी क्षेत्र हो वहां हिन्दी का महत्त्व बढ़ता जा रहा है। गर्व से हिन्दी का प्रयोग करें।



**पानीपत।** आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ शिश प्रभा मलिक, प्रज्ञा मान को आशीर्वाद देते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### पानीपत रिफाइनरी, एनएफएल, थर्मल की सुरक्षा बढ़ाई

**पानीपत।** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर केंद्रीय खुफिया एजेंसी के अलर्ट पर पानीपत रिफाइनरी, इसके परिसर में स्थित नाफ्था क्रैकर और सिंथेटिक रबर प्लांट्स की सुरक्षा को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यानी सीआईएसएफ ने चौकस किया है।

वही पानीपत थर्मल पावर स्टेशन और नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के यूरिया और सल्फर प्लांट्स की सुरक्षा को भी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने और कड़ी की है।

## प्रभु राम की शिक्षाओं का पालन करें नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

श्री राम जन्मभूमि में भगवान राम की स्थापित मूर्ति की तीसरी वर्षगांठ पर गुरुवार को समालखा के मुख्य बाजार रेलवे रोड पर दुकानदारों की ओर से अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में राहगिरों व दूर दराज से आए ग्रामीणों ने प्रसाद बांटा गया। इस दौरान पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी के पूर्व प्रधान श्याम बरेजा ने भगवान श्रीराम के पद चिन्हों पर चलने का आह्वान करते हुए भंडारे में सहयोग किया। इस दौरान सरदार जगतार सिंह बिल्ला, अश्वनी मिड्ढा, अमनदीप, मन्नू छाबड़ा, तिलक राज बत्रा, मदन धमीजा, अशोक मेहंदी , ज्ञानचंद आदि मौजूद रहे।



**समालखा।** शिवापति रामचंद्र का जयघोष करते हुए श्रद्धालु।

---

## ट्रैफिक पालन से नहीं होते हादसे

- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा गुरुवार को एसडी विद्या मंदिर सिटी स्कूल में सड़क सुरक्षा विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के निरीक्षक देवेंद्र कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई चित्रकलाओं की सराहना करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और अनमोल जीवन को बचाया जा सकता है। वहीं, परिवहन उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार ने बच्चों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी दी।





**पानीपत।** एसडी विद्या मंदिर में विजेता विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ।

#### दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना आवश्यक

*दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना आवश्यक है, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य है, यातायात संकेतों का पालन करना सभी नागरिकों का कर्तव्य है तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग और तेज गति से वाहन चलाना जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।*

## समाधान शिविर जवाबदेही का है सशक्त मंच

- पुलिस हर शिकायत पर करेगी ठोस कार्रवाई: डीएसपी वत्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा जिला एवं उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर आमजन के लिए प्रशासन से सीधे संवाद और त्वरित समाधान का प्रभावी मंच बनते जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से न केवल जनता की समस्याएं सुनीं जा रही हैं, बल्कि मौके पर समाधान और ठोस कार्रवाई से प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। गुरुवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया के निर्देश पर जिला सचिवालय सभागार प्रथम तल पर आयोजित जनता समाधान शिविर में 18 फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। शिविर की अध्यक्षता निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने की। विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए।





**पानीपत।** जनसुनवाई करते हुए प्रशासिनक अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

#### फरियादी को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें

जनता समाधान शिविर पुलिस और आमजन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम हैं, जिससे पुलिस व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और भरोसेमंद बनाया जा रहा है। वहीं, डीडीपीओ राजेश शर्मा ने कहा कि जनता समाधान शिविरों में प्राप्त हर शिकायत को पूरी गंभीरता से लिया जा रहा है। प्रशासन का स्पष्ट उद्देश्य है कि किसी भी फरियादी को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिविर में वार्ड 11 निवासी जगदीश ने वृद्धा पेंशन दिलवाने का अनुरोध किया। उन्होंने प्रशासन के समक्ष अपनी स्थिति भी रखी व बताया की यह पेंशन उनके लिए कितना महत्व रखती है।

#### मौके पर ही समाधान

कई मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि शेष शिकायतों को तय समय सीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि जनता समाधान शिविर किसी भी रूप में औपचारिकता नहीं हैं। शिविर प्रशासन और जनता के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी हैं। हर शिकायत को गंभीरता से सुनना और उसका समाधान करना हमारी नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी है। समाधान कागजों में नहीं, जमीन पर दिखाई देना चाहिए। किसी मामले में जानबूझकर देरी या लापरवाही पाई गई, संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिविर में मौजूद पुलिस उप अधीक्षक सतीश वत्स सिंह ने फरियादियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिले में कानून- व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

---

### दयाल सिंह स्कूल के पूर्व छात्र संयम गुप्ता का इसरो में चयन

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 13-17 स्थित दयाल सिंह पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र संयम गुप्ता का चयन इसरो अंतरिक्ष विभाग भारत सरकार में वैज्ञानिक के पद पर हुआ है। उन्होंने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी तिरूवन्तम पुरम, केरल से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री प्राप्त की है। छात्र संयम गुप्ता की यह उत्कृष्ट उपलब्धि दयाल सिंह संस्थान के लिए अत्यंत गौरवशाली विषय है और सभी छात्रों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। छात्र संयम गुप्ता ने इस सफलता का श्रेय अपने परिवार, मित्रों एवं अध्यापकों को दिया है।



## वीर हकीकत राय को नमन किया

- छात्रा कशिश ने अपने भाषण के माध्यम से हकीकत राय के जीवन से सभी को अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में बसंतोत्सव एवं वीर हकीकत राय बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ द्वारा हुआ। छात्रा कशिश ने अपने भाषण के माध्यम से हकीकत राय के जीवन से सभी को अवगत कराया। आचार्य संजय याज्ञिक ने बसंत के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि बसंत को सभी ऋतुओं में से श्रेष्ठ इसीलिए कहा जाता है क्योंकि बसंत के आ जाने पर पूरी सृष्टि नवश्रृंगार करती है। सूर्य उत्तरायण हो जाने से सूर्य अधिक मात्रा में अपनी रश्मियों से पृथ्वी को उर्जावान बनाता है। बाल कल्याण समिति के प्रधान केदारनाथ अग्रवाल ने कहा कि वीर हकीकत राय के राष्ट्रहित, शिक्षा, सामाजिक सुधार और नारी उत्थान में दिए गए।



**पानीपत।** आर्य गर्ल्स स्कूल की छात्राएं देश भक्ति के गीत गाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

#### मौके पर ये मौजूद रहे

वीर हकीकत राय का बलिदान हमें यही संदेश देता है कि अपना धर्म व अपने देश की संस्कृति ही सबसे उत्तम है। इस अवसर पर विद्यालय की कार्यकारणी समिति से वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र सिंगला,चेयरमैन सुरेन्द्र सिंगला, वाईस चेयरमैन सीए कमल किशोर सिंगला, प्रबंधक अरुण आर्य, कैशियर नरेश गर्ग, आर्य समाज बड़ा बाजार के प्रधान अजय गर्ग, बाल कल्याण समिति के प्रधान केदारनाथ, आचार्य हिमांशु, आचार्य ज्ञानेंद्र, प्रधानाचार्या मीनाक्षी अरोड़ा, उप प्रधानाचार्या अनुभा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



### बेटी के जन्म की खुशी में कुआं पूजन कर भंडारा लगाया

**समालखा।** समालखा के भापरा गांव में एक परिवार में 14 साल बाद लड़की पैदा होने की खुशी में कुआं पूजन किया गया। ढोल नगाड़ों के साथ खुशी मनाई गई और इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। भापरा गांव निवासी लड़की के दादा रोहताश ने बताया कि उनके घर में 14 साल बाद उनके घर में पोती ने जन्म लिया है। इससे पहले कोई बच्चा नहीं था। उनका परिवार लड़का और लड़की में कोई अंतर नही मानता। लड़कियां आज के युग में किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नही हैं। लड़कियां भी माता पिता का नाम रोशन कर सकती हैं अगर उनकी परवरिश लड़कों की तरह की जाए।अन्य लोगों को भी चाहिए कि वो बेटी और बेटे में कोई अंतर ना समझे। लड़की की माता पिता मंजू देवी व नरेश कुमार ने बताया कि लड़कियां आज के समय में खेल, शिक्षा, सेना आदि किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं हैं। इस अवसर पर बेदी सिंह, सुमित्रा देवी, सुलतान सिंह, तेजबीर, कृष्णा देवी, हरि विश्वास, रेशमा देवी, पिंकी आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों को जीवन में निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया

- उप जिला शिक्षा अधिकारी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मान दिया

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव निजामपुर में उप जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र नरवाल ने औचक निरीक्षण किया। विद्यालय की प्राचार्या रेणुका गुप्ता ने उप जिला शिक्षा अधिकारी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मान दिया। वहीं, नरवाल ने प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय के बच्चों और स्टाफ को मोटिवेट किया, इसके पश्चात उन्होंने मिशन बुनियाद में जिला स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले छात्र हिमांशु को फूलों की माला पहनकर स्वागत करके आशीर्वाद दिया और उनके उज्वल भविष्य की मंगल कामना की। समग्र शिक्षा के तत्वाधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिवाह में आयोजित विज्ञान विषय पर स्किट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया और सभी बच्चों को जीवन में निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। अध्यापकों के साथ बैठक की और शैक्षणिक कार्यो संबंधित समस्या जानी।

---

**उद्घाटन** उद्घाटन के समय जिला बार एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र ढुल भी मौजूद रहे

# पानीपत कोर्ट परिसर में डाकघर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के विधायक प्रमोद विज और पंकज कुमार मीना (भारतीय डाक सेवाएं) प्रवर अधीक्षक करनाल मंडल करनाल के द्वारा वीरवार को संयुक्त रूप से कोर्ट परिसर पानीपत में खोले गए नए उप डाकघर का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के समय जिला बार एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र ढुल भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पंकज कुमार मीना ने बताया कि लघु सचिवालय में उप डाकघर की स्थापना में तहसील एवं कोर्ट परिसर में कार्यरत अधिवक्ताओं, कर्मचारियों एवं अधिकारियों को डाक सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध होगा, जिसमे समय की बचत के साथ-साथ कार्यों में भी सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि डाकघर अब केवल व्यक्तिगत पत्राचार तक सीमित न रह कर अन्य मुविधाओं जैसे कि बैंकिंग, डाक जीवन बीमा, पासपोर्ट सेवा केंद्र, आधार नामांकन, संशोधन एवं अपडेट की सुविधा भी आम जन को उपलब्ध करा रहा है, जिससे नागरिकों को पासपोर्ट से संबंधित सेवाएं एक ही स्थान पर प्राप्त हो रही है व ग्राहक को अब अंबाला व चंडीगड जाने की जरूरत नहीं रहीं। डाकघर में आधार सेवाएं भी उपलब्ध हैं, जिनके अंतर्गत आधार नामांकन, संशोधन एवं अपडेट की सुविधा प्रदान की जा रही है।





**पानीपत।** कोर्ट परिसर में डाकघर का शुभारंभ करते हुए विधायक प्रमोद विज आदि।

#### वकीलों को बहुत फायदा होगा

बार के प्रधान सुरेंद्र ढुल ने बताया कि इस डाकघर के सचिवालय में खुल जाने से वकीलों को बहुत फायदा होगा। वकील अपने पत्रों को भेजने के अलावा डाक विभाग की अन्य सेवाएं भी लें सकेगे। सुरेंद्र ढुल ने पंकज कुमार मीना, (भारतीय डाक सेवाएं) प्रवर अधीक्षक डाकघर करनाल मंडल करनाल को बताया कि वो सचिवालय में डाक चौपाल का आयोजन करना चाहते है कि सभी वकीलों को डाक विभाग की सभी सकीमों की जानकारी मिल सके। इधर, विधायक प्रमोद विज ने डाक विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह उप डाकघर क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा तथा सरकारी सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाएगा। उद्घाटन समारोह में डाक विभाग से सहायक अधीक्षक डाकघर राजेश कुमार, डाकपाल संदीप कुमार एवं कर्मचारीगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

#### आर्टिकल भेजने की सुविधा भी उपलब्ध

डाकघर के माध्यम से डीएनके डाक निर्यात केंद्र की सेवाएं जिससे विदेशों में आर्टिकल भेजने की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दस्तावेज एवं पार्सल भेजना अब और अधिक सरल हो गया है। डाकघर बचत खातों से संबंधित समस्त सेवाएं जैसे खाता खोलना, जमा, निकासी एवं अन्य वित्तीय सेवाएं उपलब्ध हैं। डाक आर्टिकल बुकिंग पर ऑनलाइन भुगतान (ऑनलाइन पेमेंट) की सुविधा भी प्रदान की जा रही है, जिससे ग्राहको को नकद भुगतान की आवश्यकता नहीं रहेगी और प्रकिया अधिक पारदर्शी एवं सुविधाजनक होगी व स्पीड पोस्ट, पंजीकृत डाक, पार्सल, विदेश पार्सल, डाक जीवन बीमा एवं अन्य डाक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

**उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड**

**पंजी. कार्यालय:** यूनिट 2009-14, 20वीं मंजिल, मैग्नम ग्लोबल पार्क, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर -58, गुरुग्राम, हरियाणा

**CIN:** U64990HR2016PTC057984

**सार्वजनिक सूचना**

यह उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड की **पानीपत, हरियाणा** शाखा के स्थानांतरण के बारे में जनता को सूचित करने के लिए है जो, **25.04.2026** से प्रभावी होगा।

**पुराना पता:** कार्यालय संख्या 5, द्वितीय तल, एन.के. टॉवर, जी.टी. रोड, पानीपत, हरियाणा–132103

**नया पता:** द्वितीय तल, कृष्णा टॉवर, 1169/7, ग्रैंड ट्रंक रोड, आईबी कॉलेज के निकट, महावीर कॉलोनी, पानीपत, हरियाणा–132103

**अधिक जानकारी के लिए कृपया: उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से टोल फ्री: 1800-202-6127 पर संपर्क करें**

## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-नारायणगढ़ ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में आरोपी मोहित कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-नारायणगढ़ के उप निरीक्षक जरनैल सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि चाचा भतीजा ढाबा गांव रूकड़ी के पास नशे का अवैध कारोबार होता है। यहां सूचना के आधार पर आरोपी मोहित कुमार को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी ली गई। उससे 22 ग्राम 32 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की।

### सड़क सुरक्षा पर सेमिनार आयोजित

**पानीपत।** एमएएसडी पब्लिक स्कूल में यातायात पुलिस विभाग द्वारा विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक सड़क सुरक्षा व नियम पालन की जानकारी दी गई। कृष्ण मलिक और परमजीत ने छात्रों को अनुशासन में रहकर सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने पर बल दिया। कृष्ण मलिक ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए विशेष जानकारी दी। वहीं, विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.बबीता ने कृष्ण मलिक का धन्यवाद करते हुए विद्यार्थियों एवं चालकों से सडक्र सुरक्षा के नियमों का पालन करने का अनुरोध किया।

### स्कूल संचालक से मारपीट, केस दर्ज

**जींद।** भिवानी रोड पर निजी स्कूल में घुस कर मारपीट करने, कब्जा करने तथा तोड़फोड करने पर शहर थाना पुलिस ने दो लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अर्बन एस्टेट निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह भिवानी रोड पर अपना निजी स्कूल लगभग बीस साल से चला रहा है। जमीन खुद तथा उसके भाई के नाम है।

### समय रहते दूर हों मतदाता सूची से त्रुटियां : बीईओ

**जींद।** निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम पुलकित मल्होत्रा के मार्गदर्शन में खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश मलिक ने स्थानीय राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में उपमंडल के सभी बीएलओ की बैठक बुलाई और अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित मतदाता कार्ड में हुई त्रुटियों को दूर करने के निर्देश दिए। कहा कि अगर किसी भी मतदाता पहचान पत्र में कोई फोटो रंगीन नही है या किसी के नाम मे बदलाव करना है तो इसे समय रहते दूर करें।

### बीमारियों से बचाव के लिए रखें साफ-सफाई

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से वार्ड नंबर 30 जीन्द के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शहरी दो में स्वास्थ्य से संबंधित मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें वार्ड की अनेक महिलाओं ने भाग लिया। बतौर मुख्य अतिथि वार्ड के पार्षद व प्रधान पार्षद एसो सतीश ने शिरकत की। सतीश हरियाणवीं ने कहा कि बीमारियों से बचने के लिए शरीर, कपड़े, घर व आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें।

### 1121 धान, कपास के बीते सीजन से अधिक भाव

**उचाना।** उचाना मंडी में आ रही कपास, धान 1121 के भाव किसानों को इन दिनों बीत सीजन से अधिक मिल रहे है। कपास के भाव इन दिनों अधिक से अधिक 7655 रुपये प्रति क्विंटल तो कम से कम 6500 रुपये प्रति क्विंटल तक मिले।

## मंत्री ने पानी निकासी के लिए अंडरग्राउंड पाइप लाइन बनाने के दिए निर्देश

# कालपी के पास काटी जा रही प्राइवेट कॉलोनी के विरोध में उतरे किसान

- किसानों का आरोप कॉलोनी में छह फुट उंची बनाई जा रही सड़कें, हजारों एकड़ फसल के पानी निकासी में आ आएगी दिक्कत

हरिभमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने वीरवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन के सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक ली। इस दौरान एजेंडे में 13 शिकायतों पर सुनवाई हुई। इनमें से 10 का समाधान किया गया। 3 शिकायतों पर अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत भी मौजूद रहे। मौके पर गंगवा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। भारतीय जनता पार्टी संविधान को आगे रखकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के मूल मंत्र के साथ अंतोदय यानि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उत्थान करने के लिए निरंतरता मे काम कर रही हैं। उन्होंने गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों व देशवासियों को शुभकामनाएं भी दी। इस मामले में मंत्री ने जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि वे उक्त जगह का मुआयना करते हुए सीवरेज की समस्या का स्थायी समाधान करवाएं। गांव बिहटा के पवन कुमार ने बरसाती पानी की निकासी की समस्या रखी। इस मामले में बीडीपीओ ने मंत्री को अवगत करवाया कि अगले 15 दिन के अंदर-अंदर बरसाती पानी की निकासी की जो समस्या है उसे दूर कर दिया जाएगा। इसी प्रकार गांव दुराना के जरनैल सिंह की बिजली के बिल की शिकायत का समाधान करवाया गया। गांव मोहड़ी के हरदयाल सिंह की फसल क मुआवजे की शिकायत पर कैबिनेट मंत्री ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए कि जो भी मुआवजे बनता है उसे जल्द दिलवाएं। इस मौके पर एडीसी विराट, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, एसडीएम शिवजीत भारती, नगराधीश अभिषेक गर्ग, सीईओ जिला परिषद गगनदीप सिंह, अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त दीपक सूरा, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, आरटीए सुशील कुमार भी मौजूद रहे।



अंबाला। लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री रणबीर गंगवा। फोटो : हरिभूमि

### इन शिकायतों पर हुई कार्रवाई

मीटिंग में गांव कालपी से आए मनजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह व अन्य ने मंत्री को बताया कि गांव कालपी में एनएच 73 वाया पंचकूला पर क निजी कंपनी द्वारा प्राइवेट कॉलोनी काटी जा रही है। कॉलोनी में सडकों की उंचाई लगभग 6 फीट की जा रही है। इसके साथ कालपी व नोहनी की सैंकडों एकड जमीन लगती है। इस जमीन की पानी की निकासी इसी कॉलोनी से होने वाली जमीन से होकर निकलती है लेकिन अब वहां निर्माण से यह पानी की निकासी रूक जाएगी। जमीन में पानी रूकने से फसले बर्बाद हो सकती हैं। इस मामले में विभागीय अधिकारी ने बताया कि पानी निकासी के स्थाई समाधान के लिए कार्य किया जाएगा। किसानों व अन्य के साथ बैठक भी हो गई है। कंपनी ने यहां पर अंडर ग्राउंड पाइपलाईन डालने का आश्वासन दिया है। इस मामले में कैबिनेट मंत्री ने इस शिकायत पर कहा कि वे उपायुक्त के पास अंडर पाइपलाईन डालने के लिए परमिशन के लिए अप्लाई करें।

### किसानों ने मंत्री को सुनाया अपना दर्द

गांव बिहटा के पवन कुमार, अश्वनी चौहान तथा तेपला के इंद्रजीत सिंह व अन्य ने अपनी शिकायत में बताया कि बिहटा व तेपला के रहने वाले किसानों के खेतों से एक नदी निकलती है जोकि शामली-अंबाला हाइवे बनने से बंद हो गई है। जिसके चलते खेतों में पानी भर जाता है और उन्हें अपने खेतों में जाने के लिए रास्ता न होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पडता है। प्रार्थियों ने बताया कि पिछली बैठक के दौरान इस विषय से संबंधित रास्ता छोडने एनएचएआई विभाग को कहा गया था जोकि यह कार्य कर दिया गया है। इसके लिए उन्होंने मंत्री का धन्यवाद किया। जम्मू कश्मीर के गांव रेका के बलजीत सिंह के बेटे के अकदमी के दाखिले की बची बची राशि दिलवाने व डिफेंस कॉलोनी के सुभाष चंद ने भूमि से जुड़े मामलेमें पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई करने तथा गीता नगरी के गगन सेठी ने अपनी बेटी को बाहर भेजने के नाम पर ठगी को लेकर पुलिस कार्रवाई पर संतोष जताया।

### शिकायत सुनने के बाद मंत्री ने दिया आश्वासन

लालकुर्ती की सुषमा ने अपने पति विकास कुमार की निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान हुई मृत्यु की जानकारी दी। सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल ने मंत्री को अवगत करवाया कि इस मामले में पिछली बैठक के दौरान नेगलीजेंसी व मेडिकल बोर्ड के सदस्यों द्वारा इस मामले की जांच करने बारे कहा गया था। टीम द्वारा जांच के बाद स्पष्ट रूप से बताया गया है कि व्यक्ति के परिवार से निजी अस्पताल द्वारा ईलाज की कोई राशि नहीं ली गई है।व्यक्ति की कैंसर के चलते मृत्यु हुई है। इस मामले में मंत्री ने प्रार्थी को कहा कि विधवा पेंशन या बीपीएल कार्ड से जुड़ा यदि कोई कार्य है तो उस कार्य को प्रशासन द्वारा करवा देगा। कच्चा बाजार के सुनील वर्मा ने सीवरेज से संबंधित समस्या रखी। इस मामले में नगर निगम के सहायक आयुक्त दीपक सूरा ने बताया कि सीवरेज की समस्या को ठीक कर दिया गया है। शिकायतकर्ता ने मंत्री को अवगत करवाया कि सीवरेज की समस्या का स्थाई समाधान नहीं हुआ है।

## सरकपुर की पंचायत को मिला राष्ट्रीय सम्मान

हरिभमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

मुलाना विधानसभा क्षेत्र के गांव सरकपुर की ग्राम पंचायत द्वारा किए गए उत्कृष्ट एवं जनहितकारी कार्यों के चलते सरपंच सुशील सैनी को 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने का विशेष आमंत्रण प्राप्त हुआ है। यह सम्मान न केवल सरपंच सुशील सैनी बल्कि पूरे गांव और पंचायत के लिए गर्व की बात है। सरपंच सुशील सैनी के कुशल नेतृत्व में ग्राम पंचायत सरकपुर ने स्वच्छता अभियान, विकास कार्यों, जनसुविधाओं के विस्तार तथा सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इन्हीं सराहनीय कार्यों के आधार पर पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान प्रदान किया गया है।



सरपंच सुशील सैनी की फोटो।

इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने सरपंच सुशील सैनी को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, पारदर्शी कार्यप्रणाली और जनसेवा की भावना ने गांव का नाम प्रदेश व देश स्तर पर रोशन किया है। ग्रामीणों का मानना है कि यह सम्मान अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगा। यह सम्मान उनके अकेले का नहीं बल्कि पूरे ग्राम पंचायत सदस्यों एवं गांववासियों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी पंचायत विकास, स्वच्छता और जनकल्याण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## गणतंत्र दिवस को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई रिहर्सल

हरिभमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

एसएमएस खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में उप-मंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दूसरी रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अवलोकन कर उन्हें अंतिम रूप दिया गया। रिहर्सल के अवसर पर निर्णायक मंडल की भूमिका में खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा , कॉलेज प्राचार्य डॉ. दलजीत कौर विर्क, प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला सुल्तान सिंह, कपिल जैन भी उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल द्वारा विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का गहन मूल्यांकन किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को नई अनाज मंडी में आयोजित की जाएगी।

## मारकंडा-टांगरी नदी की पवित्रता को बचाने के लिए ठोस कदम उठाए सरकार

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति के सदस्य सचिव रोहित जैन बोले, फसल व नस्लों के लिए दोनों नदियों का पानी बन रहा श्राप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

धार्मिक आस्था की प्रतीक मारकंडा व टांगरी नदी के प्रदूषित होते पानी को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन ने गंभीर चिंता जताई। जैन ने इसके लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उनका आरोप है कि शहरों का सीवरेज इन पवित्र नदियों में डाला जा रहा है। निकायों के अधिकारियों के सामने पवित्र नदियों को प्रदूषित करने का खेल निरंतर चल रहा है। अफसर इस खेल को देखकर भी आंखे बंद कर बैठे हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि मारकंडा व टांगरी नदी की पवित्रता पर प्रदूषण के जरिए लग रहे दाग को लेकर एनजीटी भी गंभीर चिंता जाता चुका है। जैन ने कहा कि मारकंडा व टांगरी नदियां लोगों की जीवनरेखा है। हरियाणा व पंजाब से होकर गुजरने वाली इन नदियों के पानी दोनों राज्यों के किसानों के लिए आर्थिक समृद्धि लाने का काम करता है परंतु इन नदियों के प्रदूषित होते हुए पानी की वजह से अब गंभीर बीमारियों की फसलें भी उगने लगी हैं।

### प्रदूषित पानी से फसलों के साथ नस्लों को भी खतरा

जैन ने कहा कि अगर दोनों नदियों के प्रदूषित होते पानी को नहीं बचाया गया तो यह फसलों के साथ नस्लों को भी खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण की ओर से 27 से ज्यादा सैंपल लिए गए थे। इन सैंपलों में प्रदूषण की मात्रा बेहद खतरनाक स्तर पर पाई गई। जैन ने कहा कि दोनों नदियों की पवित्रता को कायम रखने के लिए हिमाचल प्रदेश के साथ हरियाणा व पंजाब की राज्य सरकारों को कड़े कदम उठाने होंगे। साथ ही इन राज्य की सरकारों को फैक्ट्रीयों का जहरीला पानी बंद करने के साथ इन नदियों में शहरों का गिरने वाला सीवरेज भी रोकना होगा। उन्होंने कहा कि हर शनिवार व रविवार को इस नदी के किनारों पर पूजा के लिए लोगों के मेले लगते हैं। जैन ने कहा कि इन परंपराओं को कायम रखने के लिए सरकारों के साथ लोगों को भी अपनी मानसिकता बदलनी होगी।



एडवोकेट रोहित जैन।

## नायब सरकार के प्रति बढ़ रहा जनता का विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसमें बूथ स्तर से लेकर कार्यकर्ता पार्टी में उच्च पदों पर सुशोभित होकर पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। भाजपा में सभी कार्यकर्ताओं को बराबर का मान-सम्मान देने का काम किया जाता है। पूर्व राज्यमंत्री वीरवार को जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुनने का काम कर रहे थे। गोयल ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं को बराबर का मान-सम्मान दिया जाता है। हाल ही में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन बने हैं जिनसे पार्टी को ओर मजबूती मिलेगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वयं को कार्यकर्ता कहना और राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन को बोस कहना यह भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए बहुत बड़ी बात है। भाजपा पार्टी में बूथ स्तर से कार्यकर्ता पार्टी के बड़े पदों पर सुशोभित हो रहे हैं जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इसका साक्षात उदाहरण है। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में लोगों का लोकतांत्रिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था में विश्वास बढ़ा है। स्वयं मुख्यमंत्री रोजाना हजारों लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनते हैं। हर जगह पर वह लोगों को बडी ही सादगी से मिलते हैं। इतना ही नहीं काफिले को रास्ते पर रूकवाकर वह लोगों से रूबरू होते हैं। इस दौरान लोगों ने पेयजल व्यवस्था, गलियों के निर्माण कार्य, बुढापा पेंशन, बिजली , चौपाल का निर्माण कार्य के साथ-साथ अन्य समस्याओं बारे लिखित रूप से प्रार्थना पत्र देकर समस्याओं का निदान करने बारे आग्रह किया। राज्यमंत्री ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।



अंबाला। लोगों से मुलाकात करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल।

### राहुल भाजपा से ट्रेनिंग लें : असीम गोयल

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने पत्रकारों के राहुल गांधी के कुरूक्षेत्र में दौरे को लेकर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि राहुल गांधी को भाजपा से ट्रेनिंग लेने की जरूरत है। वह संस्कारो से भारतीय नहीं है। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने तंज कसते हुए कहा कि अब राहुल गांधी सभी को पंचर लगाना, मछली पकड़ना, ट्रक ठीक करना सब सिखाएंगे। असीम गोयल बोले कि राहुल गांधी अपने नेताओं को ब्लैक बेल्ट की ट्रेनिंग देने आए है, ताकि अगर लोग इनके पास आए तो ये उनके ऊपर मार्शल आर्ट का प्रयोग करें।

## धूमधाम से मनेगा सीएम का जन्मदिन

- सीएम के जन्मदिन पर हेल्थ चेकअप के साथ लगाया जाएगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 25 जनवरी को जन्मदिन के अवसर पर सैनी धर्मशालामें एक रक्तदान शिविर एवं हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली ने बताया कि यह आयोजन समाजसेवा और जनकल्याण की भावना के तहत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को प्रातः 9.00 बजे सैनी धर्मशाला में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन पर हवन यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 3:00 बजे तक रक्तदान शिविर एवं हेल्थ चेकअप कैंप लगाया जाएगा जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता, युवा वर्ग एवं सामाजिक संगठन बढ़-चढक़र हिस्सा लेंगे। संदीप सैनी ने कहा कि रक्तदान महादान है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जीवन जनसेवा, ईमानदारी और विकास को समर्पित रहा है, उसी भावना को आगे बढ़ाते हुए उनके जन्मदिन पर यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें और इस पुनीत कार्य में अपना योगदान देकर मुख्यमंत्री के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाएं।

### आमजन की समस्याओं के शीघ्र निपटान के निर्देश

**जींद।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सुनकर समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था। समाधान शिविर के दौरान आमजन की कुल आठ समस्याएं प्रस्तुत की गईं। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते शीघ्र कार्रवाई कर समस्याओं का निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## धोखाधड़ी का आरोपी किया गिरफ्तार

- आरपितो ने 83 जाली सिम, 7 मोबाइल फोन, ट्रक जिस पर जाली नंबर लगाकर वारदात को अंजाम दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना साहा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने मुख्य आरोपी हरीश कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 4 दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 83 जाली सिम, 7 मोबाइल फोन, ट्रक जिस पर जाली नंबर लगाकर वारदात को अंजाम दिया जाता था व 40 हजार रूपये बरामद किए है। आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक परमवीर ने बताया कि आरोपी बड़े शातिर दिमाग से ठगी/चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपियों द्वारा जाली दस्तावेज, ड्राइविंग लाईसेंस तैयार करवाते तथा ट्रक पर भी जाली नंबर प्लेट लगाकर कंपनी से माल लोड कराकर ले जाते तथा बीच रास्ते में इसी सामान को किसी अन्य ट्रक में बदल कर गाड़ी को लावारिस हालत में छोड़कर फरार हो जाते थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में शिकायतकर्ता प्रतीक वासी जग्गी कॉलोनी ने 10 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 मार्च 2025 को आरोपी हरीश कुमार व अन्य ने मिलीभगत करके धोखाधड़ी से 280 माइक्रो टैक बैटरी का गबन कर अमानत में ख्यानत करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी।

### मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर किया हवन

बराड़ा। एमपीएन कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सरस्वती महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर ज्ञान, बुद्धि एवं शिक्षा की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना, आरती एवं हवन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शैक्षिक उत्कृष्टता, नैतिक मूल्यों तथा भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति आस्था को सुदृढ़ करना रहा। हवन कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या, शिक्षकगण, गैर-शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने श्रद्धा भाव से सहभागिता की और मां सरस्वती से महाविद्यालय की उन्नति एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान हवन की विधिवत प्रक्रिया पंडित आकाश एवं पंडित नरदेव द्वारा संपन्न कराई गई। मंत्रोच्चारण और आहुतियों के साथ पूरा महाविद्यालय परिसर भक्तिमय एवं पावन वातावरण से सराबोर हो गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया।

## महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरि महाराज ने कथा में किया प्रवचन

# श्रीकृष्ण की शरण में जाने से मिट जाती हैं सारी चिंताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

श्री कल्याण कमल आश्रम हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरि महाराज ने कहा कि जब मनुष्य का मन भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में लग जाता है तो उसके जीवन से सारी चिंताएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं।

वे अंबाला शहर के नावल्टी रोड स्थित प्राचीन श्री रघुनाथ मंदिर गोगामेड़ी के सामने आयोजित भगवद्गीता एवं श्रीमद्भागवत प्रवचन कार्यक्रम के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। स्वामी कमलानंद गिरि ने श्रीमद्भगवद्गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने समस्त उपनिषदों और शास्त्रों का निचोड़ निकालकर गीता रूपी अमृत अर्जुन को पिलाया। उन्होंने सुंदर उपमा देते हुए कहा कि अर्जुन बछड़ा हैं, उपनिषद और शास्त्र धेनु हैं। गोपाल श्रीकृष्ण स्वयं दूध दोहने वाले हैं। श्रीमद्भगवद्गीता रूपी अमृत को अर्जुन ने पिया और शेष अमृत संत-महापुरुषों व भक्तों के माध्यम से भी संसार को प्राप्त हो रहा है, जिससे जीव भवसागर से पार हो रहा है। उन्होंने जीवन में चार 'गकार' गीता, गायत्री, गंगा और गोविंद के महत्व को बताते हुए कहा कि यदि ये चारों जीवन में आ जाएं तो मनुष्य भयमुक्त हो जाता है। जैसे ट्रेन की टिकट कंफर्म हो जाने पर स्टेशन की भीड़ चिंता का कारण नहीं बनती, वैसे ही जब मन श्रीकृष्ण के चरणों में टिक जाए तो चिंता करने की आवश्यकता नहीं रहती। उन्होंने कहा कि बच्चा जब मां की गोद में चला जाता है तो चिंता मां को होती है, बच्चे को नहीं। इसी प्रकार जो भक्त बाल भाव से भगवान की शरण में चला जाता है तो उसे चिंता करने की आवश्यकता नहीं रहती।





अंबाला। सत्संग समारोह में प्रवचन करते महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरि महाराज एवं मौजूद श्रद्धालू।

### श्रीराम मंदिर मर्यादा का जीवंत प्रतीक

इस अवसर पर कमलानंद गिरि ने कहा कि अयोध्या धाम के लिए 22 जनवरी का दिन एक बार फिर ऐतिहासिक है। श्रीराम मंदिर, अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को दो वर्ष पूर्ण हो गए है। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर केवल एक भव्य संरचना नहीं, बल्कि सत्य, मर्यादा और धर्म की स्थापना का जीवंत प्रतीक है। इस अवसर पर स्वामी सुशांतानंद महाराज भी श्रद्धालुओं को अपने प्रवचनों से भाव-विभोर कर रहे थे। भजन-कीर्तन और भक्ति गंगा में डुबकियां लगाते श्रद्धालु वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे।